## 14 दिनो से बंद, सहकारी समितियाँ, धरने पर कर्मचारी

# सहकारी कर्मचारियों का शोषण बंद करें सरकार:अनुभा मुंजारे





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से आम जनता परेशान है। पिछले 14 दिनों से जिले की 126 सहकारी समितियों में ताला लगा हुआ है। इससे किसानों को खाद और ऋण नहीं मिल पा रहा है। साथ ही गरीबों को पीडीएस के तहत राशन का वितरण भी रुका हुआ है।

सोमवार को कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और विवेक पटेल ने आंदोलनकारी कर्मचारियों से मुलाकात की। विधायक मुंजारे ने कहा कि कांग्रेस सहकारी कर्मचारियों के आंदोलन को पूरा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों का शोषण बंद कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहिए।

मध्यप्रदेश सहकारी कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय प्रतिनिधि दिनेश परिहार ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार मांगें नहीं मानती है तो 24 सितंबर तक जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा। इसके बाद 26 सितंबर को सभी 55 जिलों के सहकारी कर्मचारी भोपाल में मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। वे अपना इस्तीफा भी मुख्यमंत्री को सौंपेंगे।

यह आंदोलन 8 सितंबर से चल रहा है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर धरने पर बैठे हैं। विधायक विवेक पटेल ने सरकार से आग्रह किया है कि वह कर्मचारियों की मांगें मानकर उन्हें काम पर वापस बुलाए।

सोसाइटी कर्मचारी 60 प्रतिशत संस्था कर्मचारियों को प्रबंधक के पद पर प्रमोट करने के आदेश के बाद चयन प्रक्रिया का पालन नहीं होने, विक्रेताओं को तीन हजार रूपए मानदेय और प्रतिवर्ष सोसायटियो को मिलने वाली प्रबंधकीय अनुदान 3 लाख रूपए की डिमांड कर रहे है।

इन प्रांतीय डिमांड के अलावा जिले में बीते वर्ष समर्थन मूल्य में किसानों से खरीदी गई धान में 16 सौ से ज्यादा किसानों को भुगतान नहीं कर पाने से किसानों की ओर से की गई शिकायत के बाद, सोसायटियों के अनुदान से 6 करोड़ से ज्यादा की राशि जमा कराई गई, लेकिन उसे अब तक नहीं लौटाया गया है। जिससे समितियों की बचत खाली हो गई हैं। इसके अलावा समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान में प्रासंगिक व्यय, कमीशन और कम्प्युर ऑपरेटर की राशि भी अब तक नहीं दी गई है। जिसके निराकरण की मांग कर्मचारी कर रहे है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कटंगी कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का सांसद एवं विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को बोनस वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 24 सितम्बर को बालाघाट जिले के कृषि उपज मंडी प्रांगण कटंगी में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले प्रदेश के किसानों के खाते में बोनस के रूप में 377 करोड़ 12 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए कटंगी में व्यापक स्तर पर तैयारियॉ की जा रही है।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, गौरीशंकर बिसेन ने 22 सितम्बर को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर मृणाल मीना, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, सभी एसडीएम, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय, अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन के लिए बनाए गए हेलीपेड एवं हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक आने के मार्ग, कार्यक्रम में लगायी जाने वाली कृषि से संबंधित एवं उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी, किसानों की बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर किसानों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए गए है। किसानों को आने में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि उन्हें सौंपे गए कार्य जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करें। 23 सितम्बर को कार्यक्रम की रिहर्सल के पूर्व सभी तैयारियॉ पूर्ण हो जाना चाहिए।

# खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल पर निलंबन की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने एवं बिना सूचना व अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर बालाघाट रखा गया है। कटंगी तहसील में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की लगातार शिकायते प्राप्त हो रही थी। खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल को इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाने के बाद भी उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही थी। इसके लिए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नही पाया गया। 24 सितम्बर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कटंगी में किसानों को धान बोनस का वितरण करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल से दूरभाष पर सम्पर्क किये जाने पर उनसे सम्पर्क नही हो पाया। वे बिना सूचना व अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गए। खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों की अवहेलना कर तथा अपने पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरते जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# गुरू तेग बहादर का मनाया गया 350 वां शहीदी दिवस, सिक्खों के 9 वें गुरू थे तेग बहादर

### नगर में निकली शहीदी कीर्तन यात्रा, असम से निकला पंजप्यारो के साथ गुरूग्रंथ साहिब रथयात्रा बालाघाट पहुंची



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हिन्दु धर्म की रक्षा में शहीद होने वाले सिक्खो के 9 वें गुरू तेग बहादर जी का 350 वां शहीदी दिवस, नगर में सिक्ख समाज ने मनाया।

इस वर्ष खास बात यह थी कि असम से गुरू के पंजप्यारो के साथ गुरूग्रंथ यात्रा, गोंदिया से होते हुए बालाघाट पहुंची। जिसका सिक्ख धर्मावलंबियों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। जिसके बाद यह रथयात्रा,

नगर के कोसमी से सरेखा होते हुए हनुमान चौक, सर्किट हाउस रोड, अंबेडकर चौक, मोती तालाब रोड, गुरु नानक पब्लिक हॉल के सामने से, गुरुद्वारा पहुंची। जहां पंजप्यारों का गुरूद्धारा में सरोपा पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद गुरूद्धारे में शबद कीर्तन और लंगर की सेवा की गई। श्री गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि तेग बहादरजी के शहीदी दिवस पर नगर में निकली शहीद नगर कीर्तन में गोंदिया, बैहर, वारासिवनी सहित अन्य क्षेत्रो से 200 से ज्यादा गुरू की संगत सहित जिले के सिक्ख धर्मावलंबी बड़ी संख्या में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि गुरू तेग बहादर ने उस वक्त जब कश्मीर में औरंगजेब, पंडितों पर अत्याचार कर रहा था, उनका धर्म परिवर्तन करवा रहा था। तब हिन्दु समाज के एक महान संत, तेग बहादर जी के पास पहुंचे और उन्हें अपनी परेशानियां बताई। जिसके बाद गुरू तेग बहादर ने हिन्दु धर्म के लोगों को जाग्रत किया कि हमें मरना स्वीकार है लेकिन धर्म परिवर्तन करना नहीं। उन्होंने औरंगजेब को संदेश भिजवाया था कि यदि मेरा धर्म परिवर्तन हो गया तो पूरा हिन्दु समाज, धर्म परिवर्तन कर लेगा, लेकिन औरंगजेब, उनका धर्म परिवर्तन नहीं कर सके और इसी लड़ाई में गुरू तेग बहादर शहीद हो गए। यही कारण है कि उन्हें हिन्द की चादर, गुरू तेग बहादर कहा जाता है।

## पाकिस्तान के अस्पताल में प्रसन्नजीत रंगारी

# 14 साल बाद मिला बालाघाट का लापता फार्मासिस्ट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** करीब 13 वर्षों से लापता बालाघाट जिले खैरलांजी का निवासी प्रसन्नजीत रंगारी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुरक्षित है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम के.डी.देशमुख को भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान ने ई-मेल के जरिए यह जानकारी साझा की है. भारतीय उच्चायोग, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और उसकी भारत वापसी के लिए लगातार बातचीत कर रहा है. बीते दिनों 2 सितंबर 2025 को प्रसन्नजीत की रिहाई का मुद्दा पाकिस्तानी पक्ष के समक्ष भी उठाया गया था. प्रसन्नजीत रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट थे और वर्ष 2012 में अचानक से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था जिसके बाद से वह लापता थे. प्रसन्नजीत की बहन संघमित्रा खोब्रागड़े जो बालाघाट जिले के ही तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार की निवासी है उन्हें वर्ष 2023 में एक अनजान शख्स ने कॉल कर बताया था उनका भाई जीवित है और पाकिस्तान के लाहौर स्थित कोट लखपत जेल में बंद है. जिसके बाद संघमित्रा ने अपने लापता भाई की सकुशल रिहाई और भारत वापसी के लिए भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री और तत्कालीन बालाघाट कलेक्टर को आवेदन किया था. तब यह मामला राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया के समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में छा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख ने वर्ष 2023 के दिसंबर माह में महकेपार पहुंचकर संघमित्रा से मुलाकात की और दो मुल्कों के बीच का मामला होने पर विक्रम देशमुख ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित होने वाले 'मदद' पोर्टल पर लापता प्रसन्नजीत की भारत वापसी के लिए शिकायत दर्ज करवाई. इस शिकायत के करीब 20 माह बाद अब भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान से ईमेल के माध्यम से विक्रम देशमुख को सूचना दी गई कि प्रसन्नजीत रंगारी पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुनील अद्यय के नाम से उपचार ले रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारतीय उच्चायोग पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन के लिए निरंतर बातचीत हो रही है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान: शासकीय महाविद्यालय हट्टा में सामाजिक जागरूकता और श्रमदान की पहल



**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय हट्टा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण और श्रमदान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का तिथिवार आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में और श्री बसंत दशरिये के कुशल नेतृत्व एवं समस्त स्टॉफ के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।अभियान के पहले दिन, 17 सितंबर 2025 (बुधवार) को महाविद्यालय द्वारा एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके पश्चात, श्री मीताराम लिल्हारे द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने स्वच्छ पर्यावरण के महत्व और व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया।18 सितंबर 2025 (गुरुवार) को विकसित भारत थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इस दिन पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, निबंध लेखन, और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में श्रीमती श्वेता नेमा, डॉ. वर्षा ऐड़े और डॉ. श्रद्धा चौधरी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई।19 सितंबर 2025 (शुक्रवार) को सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए डॉ. सचिन तिवारी द्वारा एक विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन और जागरूक समाज के निर्माण पर बल दिया। इसके साथ ही, नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया,जिसका मार्गदर्शन श्री अक्षय मंडराहा द्वारा किया गया। इस नाटक ने नशे के दुष्परिणामों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।20 सितंबर 2025 (शनिवार) को अभियान के चौथे दिन श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई कार्य किया। इसके साथ ही एक रैली का आयोजन हुआ, जिसके माध्यम से श्रम के महत्व को प्रचारित किया गया। डॉ. विनोद कुमार शेंडे और श्री महावीर ब्रम्हे ने विद्यार्थियों को श्रम के जीवन में महत्व और इसके सामाजिक योगदान के बारे में बताया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान और सामुदायिक सेवा की भावना को जागृत किया।

# पाली अकादमिक संस्थान में करवाया गया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

### लांजी के चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं के शारीरिक जांच कर स्वास्थ्य पर ध्यान रखने की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



सी.बी.एस.ई विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान में शनिवार 20 सितंबर को छात्र-छात्राओं के लिए 'बैगलेस डेः रखा गया ।सभी छात्र-छात्राएं बिना बैग के विद्यालय पहंचे तथा उन्हें एक दिन अध्यापन कार्य से अलग कौशल विकास एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां सिखाई गईं ।संस्थान द्वारा छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के बारे में जानकारी देने के लिए कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, किराना, व्यवसायी, माली, वेल्डर, तथा कुक को आमंत्रित किया गया ।जिसके द्वारा छात्रों को इन सभी व्यावसायिक गतिविधियों की गहनता से जानकारी दी गईं, जिसमें छात्रों द्वारा उत्साहपर्वक रूचि दिखाई गई ।तत्पश्चात छात्र-छात्राओं का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लांजी क्षेत्र के चिकित्सक श्रीमती वर्षा सिंह (दशन क्लीनिक), नेत्र सलाहकार चंद्रद्वीप रामटेके (द्वीप ऑप्टिकल्स), दंत चिकित्सक श्रीमती मोनिका कुचलाहे (मीठी दंत चिकित्सालय) द्वारा छात्र-छा्राओं के शारीरिक जांच की गईं तथा अपने स्वास्थ्य का किस प्रकार ध्यान रखा जाए, अपनी आंखों और दातों को कैसे बीमारियों से बचाया जाए, इन बातों की जानकारी दी गईं चिकित्सको द्वारा छात्र-छात्राओं का परीक्षण कर, उन्हें औबधि वितरित की गईं Iसंस्थान में आयोजित. इन समस्त क्रियाकलायों का आयोजन संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य, की अध्यक्षता प्रबंधक संजय चौरे तथा प्राचार्या श्रीमती श्रद्धा कांडरा के मार्गदर्शन तथा समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाक के सहयोग से किया गया ।

# राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमति दीपमाला सोलंकी व परियोजना अधिकारी श्री शैलेंद्र चौकसे बालाघाट ग्रामीण के मार्गदर्शन में परियोजना बालाघाट ग्रामीण सेक्टर लामता के समस्त केंद्रो में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अभिभावक (पुरुषों) व बच्चों की जोड़ियों के मध्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# आरोग्य केंद्र सिवनघाट में लगा शिविर, महिलाओं के स्वास्थ की जांच कर दिया गया उचित परामर्श



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर परेश उपलव के निर्देशन में एवं डॉक्टर के. पी. नागेंद्र मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी खैरलांजी के मार्गदर्शन में शासन द्वारा संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिवनघाट में सोमवार 22 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य सिविर आयोजित कर करीब 130 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया गया । बताया गया की निशुल्क स्वस्थ शिविर में महिलाओं की हीमोग्लोबिन , सिकल सेल, एनीमिया हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज सहित अन्य जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया । बताया गया की 17 सितंबर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार से अभियान की शुरुआत की गई जिसके तहत करीब ढाई हजार महिलाओ के स्वस्थ की जांच करने का लक्ष्य दिया गया है अबतक अनेक गावों में निशुल्क स्वस्थ शिविर लगाकर करीब 660 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श व मार्गदर्शन प्रदान किया गया है । इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर डॉक्टर विकास डोहरे श्रीमति मोनिका, उमा पटले , एन सुलकिया सहित स्वस्थ अमला मौजूद रहा।

## सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के चीफ जस्टिश की माताजी कमलाताई गवई ने दिया समर्थन

# महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति एक मात्र लक्ष्य: पूज्य भदंत धम्मशिखर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम समता सैनिक, दल भारतीय बौद्ध महासभा व राष्ट्रीय बौद्ध महासभा सहित देश के विभिन्न बुद्ध अंबेडकर वादी संगठन के सयुक्त तत्वावधान में अनागरिक धम्मपाल जयंती समारोह 17 सितंबर 2025 को संविधान चौक नागपुर में भारत के सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के चीफ जस्टिश जी की माता जी कमलाताई गवई के मुख्य आतिथ्य व मार्गदर्शक पूज्य भदंत धम्मशिखर जी भदंत धम्मतप, विशेष अतिथि आकाश लामा पूज्य भदंत, डा. चंद्रकीर्ति, डा. चंद्रबोधी पाटिल, भदंत करुणाकर, भदंत सुमित पाल, सुनील सारिपुत्र, प्रकाश दार्शनिक, शंकर ढेंगरे, भदंत श्रद्रामित्र, भदंत प्रियदर्शी, भदंत नागदीपंकर, भदंत धम्म, रक्षित इंजीनियर प्रभाकर गणवीर, भदंत आनंद रत्न, भदंत सुमंगलम, अधिवक्ता राहुल मेश्राम, पुष्पाताई बौद्ध, धर्मेश प्रश्नजीत, मनीष इंगले सहित अनेक प्रमुखों सहित हजारों की तादात में महिला, पुरुषों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के प्रेरणास्त्रोत अनागारिक धम्मपाल जी जंयती जयंती पर अनेक वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बीटीएमटी एक्ट 1949 को निरस्त करने की मांग की। इस कार्यक्रम में बालाघाट जिले से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए सतत संघर्षरत पूज्य भदंत धम्मशिखर जी उक्त विशाल कार्यक्रम के मार्गदर्शक के तौर पर शरीक हुए। पूज्य भदंत धम्मशिखर जी महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति के लिए सड़क के आंदोलन से लेकर सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पिटिशन नंबर 380/2012 के समर्थन में अन्य दस्तावेज साक्ष्यों के साथ इंटरवेंशन पिटिशन 91048/2018 को पेश की। पूज्य भदंत धम्मशिखर जी महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए परम पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू इंदौर से ऐतिहासिक धम्म भूमि दीक्षा भूमि नागपुर तक विशाल धम्म मशाल यात्रा निकालकर सामाजिक धार्मिक जनजागृति का ऐतिहासिक कार्य किया है। पूज्य भदंत धम्मशिखर जी का एकमात्र लक्ष्य महाबोधी महाविहार बोधगया प्रबंधन एक्ट 1949 को निरस्त करवाकर प्रबंधन बौद्धों के हाथों में हो इस मंशा से समूचे बालाघाट जिले की तमाम तहसीलों में मशाल यात्रा लेकर भ्रमण किया है। महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा समय-समय पर महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए आंदोलन में बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तमाम तहसीलों ग्रामीणों के बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने तन मन धन के साथ सहयोग प्रदान किया। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के जिला सचिव रवि पटले ने पूज्य भदंत धम्मशिखर जी द्वारा महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों का आभार व्यक्त किया और बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति जवाबदेह सामाजिक धार्मिक संगठनों से आव्हान किया है कि महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए निर्मित समिति बालाघाट जिले के बौद्ध उपासक उपासिकाएं को आपस में संगठित होकर कार्य करने का एक मंच था। रवि पटले ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विकाश खांडेकर जिला अध्यक्ष महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया, लेकिन वे लोग जो महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन का विरोध कर रहे थे तथा तीन चरणों में हुए आंदोलन में शामिल न होकर महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के प्रति कुंठा मानसिकता रखने वाले तथाकथित लोगों से आव्हान किया कि महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित कार्यकम में बिना किसी स्वार्थ के साथ सहयोग प्रदान कर सामाजिक धार्मिक एकता को बनाए रखने अहम भूमिका निर्वहन करने का निवेदन किया है। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट जिला महासचिव रवि पटले ने महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित कार्यकमों व आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले प्रमुख अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, इंजीनियर किशोर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, मिलिंद बौद्ध संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रीय पारिवारिक धम्म संगोष्ठी, एलडी मेश्राम प्रांतीय उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भोपाल, विकास खांडेकर जिला अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट, रितेश बोरकर जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट, वंदना स्वराज बारमाटे अध्यक्ष धम्म शिखर सद्धम प्रचार केंद्र बनियाटोला कायदी वारासिवनी, संरक्षक संघ जिला स्तरीय त्रिरत्न बौद्ध विहार कोसमी बालाघाट, बहुजन महिला संघ त्रिरत्न बौद्ध विहार कोसमी बालाघाट सहित अनेक तहसीलों ग्रामीणों के संगठनों के द्वारा अथक सहयोग प्रदान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## 16 लाख के निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**सौंसर।** सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फुले मंगल कार्यालय में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह में अतिरिक्त कक्ष एवं पाकशाला (लागत 16लाख) की शासन के द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसका भूमि पूजन जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा किया गया। इस दौरान श्री मोहड़ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा समिति के द्वारा लंबे समय से यहां पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं पाठशाला की मांग की जा रही थी जिसे मध्य प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा निरंतर सर्व समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ पांढुर्णा छिंदवाड़ा और सौसर में कार्य किया जा रहा है।सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं बुजुर्गों लाडली बहनाओं का विकास कैसे हो सके इस पर कार्य हो रहा है। इस दौरान समाज बंधुओ की ओर से 16 लाख रुपए की सौगात का भूमि पूजन करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,नत्थूजी गाडगे,प्रभाकर बोबडे, हरीश बत्रा,नीता बोडखे,पार्षद योगिता बोडखे, सोनबा झाडे ,नारायण टेम्बे, सतीश जी गाडगे, खुशाल ऊफाठ ,खुशाल वानखेडे , जयंत फसाटे ,पवन सरोदे, वासुदेव बुले,आदि थे।

### नवरात्र के शुरू होते ही बाजार में बड़ी रौनक, मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

# नवरात्र पर्व पर जगमगा उठे हैं मातारानी के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शहर सहित ग्रामीण अंचलों के मातारानी के मंदिरों में सोमवार को नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने पूजन कर मंदिरों को जगमगा दिया। वहीं शहर के पूजा पंडालों में आज मातारानी की मूर्ति की स्थापना की गई। पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में तब्दील हो गया है।

वहीं श्रद्धा भक्ति का महापर्व नवरात्र सोमवार से शुरू हो गया है।सुबह से ही माता रानी के मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी लाइन नजर आई वहीं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माता रानी के गीतों की सुमधुर धुन भी सुनाई पड़ रही है।नवरात्र पर्व को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। माता के मंदिर रंग बिरंगी रोशनी और ज्योति कलशो से जगमगा रहे हैं।नगर के बेरड़ी रोड स्थित भवानी माता मंदिर, पुलिस थाना परिसर में बने दुर्गा माता मंदिर, सता चौक स्थित दुर्गा मंदिर के अलावा बंजारी माता मंदिर में भी नवरात्र पर्व को लेकर 10 दिनों तक विभिन्न धार्मिक संपन्न किया जा रहे हैं। सौसर नगर के भारत माता चौक मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय परिसर, सिविल लाइंस,बेरडी मार्ग,वार्ड नं 11 के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामों में भी मां जगत जननी जगदंबा की आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना कर नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है।बंजारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष मोरेश्वर धुर्वे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बंजारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से शेयर्ड नवरात्र महोत्सव पर 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर परिसर में मनोकामना कलश की स्थापना भी की जा रही है। नवरात्र पर्व पर शुभ और शाम को विशेष आरती प्रवचन एवं समापन अवसर पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।नवरात्र पर्व पर बंजारी माता मंदिर में माथा टेकने के लिए क्षेत्र का अलावा बड़ी संख्या में महाराष्ट्र से भी माता रानी के भक्त पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### घायलों को अस्पताल किया गया रेफर

# सिल्लेवानी घाटी में पलटी क्रेन, एक की मौत, चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मोहखेड़ थाना के उमरानाला चौकी क्षेत्र के एक घाटी में पलटे ट्रक को बाहर निकालने गई एक क्रेन अनियंत्रित होकर पलट गई इसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं अन्य चार लोग गंभीर बताये जा रहे है।

चौकी प्रभारी पारसनाथ आरमो ने बताया कि सोमवार की शाम सिल्लेवानी नागपुर मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे फंसे एक ट्रक को निकालने के दौरान ट्रक को उठाने पहुंची क्रेन क्रमांक एमपी 28 जेएन 0329 क्रेन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसकी चपेट में आने से एनएचआई के एक कर्मचारी नरेश पिता जवाहरलाल विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी सोनबद्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि क्रेन की चपेट में आने से अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दोनों व्यक्ति क्रेन ऑपरेशन में मदद कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही उमरानाला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

# विश्व सफाई दिवस संगोष्ठी कर किया पौधारोपण

### पौधारोपण और पौध संरक्षण के लिए लिया संकल्प, स्वच्छता के बारे में भी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रभु प्रणाम ग्रुप के स्वच्छता तथा प्रकृतिप्रेमियों द्वारा 20 सितम्बर को विश्व सफाई दिवस पर लघु संगोष्ठि आयोजित की गई। संगोष्ठि पर घरों, वार्डों, शहर, गांवों, कस्बों में सफाई का प्रबंधन एवं क्रियान्वयन के संबंधित जानकारियों एवं उपायों को साझा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सिविल इंजी. कृपाशंकर यादव एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा से नरेश फरकारे ने संयुक्त रूप में अवगत कराया कि विश्व सफाई दिवस प्रति वर्ष सितम्बर माह के तृतीय शनिवार को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व सफाई दिवस 2025 का वैश्विक आयोजन 20 सितंबर को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर के लोगों को ठोस अपशिष्ट समस्या से निपटने और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एकत्र करने का एक वैश्विक सामाजिक कार्य कार्यक्रम है।

इस साल की मुख्य थीम यह दिवस फैशन और कपड़ा अपशिष्ट के मुद्दे पर केंद्रित है, जो टिकाऊ उत्पादन और उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा देगा। ग्रुप के सभी सदस्यों ने सफाई के प्रचार प्रसार एवं अनुकरण के लिए संकल्प लिया।संगोष्ठि के तदोपरांत नागपुर रोड़ के किनारे औषद्यीय व छायादार पौधों का पौधारोपण किया गया। इस आयोजन में भरूच गुजारत से पधारे श्रीश्री108 आत्मानन्द पुरी/तुकाराम चैहान, स्थानीय आचार्य स्वामी ध्यान केष्व/ के.एस. यादव, यातायात विभाग से अषोक शर्मा, आर.के.कुषवाह, सुनील चॉद, एन.के. फरकसे, स्थानीय जागरूक नागरिकों में लोकनाथ बेण्डे, सुरेष तिजारे आदि की गरिमामय उपस्थिती रही।

# कांगला से नांदना कच्ची सड़क पर चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



दमुआ ग्राम पंचायत भरदी के ग्राम कांगला से नांदना तक पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। दोनों गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में रास्ता कीचड़ से भर जाता है।

बच्चों को स्कूल जाना, मरीजों को अस्पताल पहुंचाना और किसानों का अपनी उपज बाजार तक ले जाना बेहद कठिन हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार शासन-प्रशासन से सड़क की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सरपंच गेंदोबाई ने बताया कि कांगला से नांदना तक सड़क का निर्माण हो जाए तो ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी सुविधाओं तक आसानी से पहुंच मिलेगी। लोगों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। इस मार्ग पर आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय विद्यालय, मतदान केंद्र हैं फिर आज तक प्रशासन ने यहां सड़क निर्माण के लिए कोई पहल नहीं की।

## फर्टीलाइजर संचालक पर सौंसर में हुई एफआईआर

**सौंसर।** कृषि विभाग की टीम के द्वारा अनियमितताएं पाए जाने पर एफआईआर की कार्रवाई की गई है।मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय कृषि अधिकारी सुश्री अर्चना डोंगरे के निर्देशन में कृषि विभाग की टीम द्वारा दिनांक 2 सितम्बर को आदान विक्रेता की शिकायत के आधार परआरकन सिटी सौसर के एक मकान में उर्वरक सामग्री जप्त की गई जप्त की गई थी। सामग्री श्री इंडो गुजरात फर्टिलाइजर्स रजाडीखापा पांढुर्णा की पाई गई है। विकासखंड सौसर में उर्वरक सामग्री के बेचने की अनुमति न होने के आधार पर श्री इंडो गुजरात फर्टिलाइजर के संचालक दशरथ नागवंशी के खिलाफ उर्वरक अधिनियम 1985 का उल्लंघन पाया गया जिसके आधार पर पुलिस थाना सौसर में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# हरिभूमि की खबर के बाद वन विभाग ने पकड़ा ट्रैक्टर

### आखिरकार हरिभूमि की खबर पर प्रशासन ने दिया ध्यान और की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




शासन द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं कि रेत की चोरी पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाए लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में तामिया तहसील रेत चोरों की अवैध कमाई का धंधा बन गई और कुआं बादला क्षेत्र में बहने वाली नदियों से रेत का उत्खनन

कि स कदर हो रहा है। इ स का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक रात में 40 से अधिक ट्रैक्टर 10 से अधिक ट्रक रेत लेकर निकलते हैं जिस कारण इन नदी नालों में रेत का अभाव वर्तमान में नजर आने लगा है और आदतन रेत चोर अब वन विभाग की भूमि में बहने वाली नदियों में रेत का उत्खनन करने लगे इस आशय का समाचार हरिभूमि ने हाल ही में कुआं बादला सर्कल मडका ढाना खुट्टी की नदियों में अवैध उत्खनन हो रहा है जिसको संज्ञान में लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने बीती रात रेत के वाहन पकडने दल बनाया और उन्होंने बीती रात लगभग 9:00 बजे घेरा बंदी कर मडका ढाना की नदी से रेत भरते एक ट्रैक्टर को नदी में पकड़ा। इसी बीच रेत चोरों को भनक लगते ही अन्य ट्रैक्टर भाग खड़े हुए। इससे सिद्ध हो गया कि जंगल की नदियों में रेत की चोरी हो रही थी।

# विधायक की चुनरी यात्रा का तामिया में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

शरदीय नवरात्री पर जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके बरसों से विधानसभा क्षेत्र में चुनरी यात्रा का शुभारंभ तामिया तहसील की पूरी विधानसभा के साथ यहां पर विराजमान दुर्गा प्रतिमाओं पर चुनरी यात्रा चढ़ा कर करते हैं और हर पंडाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा पर चुनरी चढ़ाते हैं। यह उनकी बरसों पुरानी परंपरा है, उसी का निर्वहन करते हुए आज चुनरी यात्रा लेकर विधायक सुनील उईके तामिया पहुंचे। इस चुनरी यात्रा के दौरान सर्वप्रथम झिरपा दुर्गा प्रतिमा पर चुनरी चढ़कर शुरुआत की जाती हैं। यह सिलसिला चावल पानी बामणी देलाखारी कुर्सी ढाना तामिया की प्रतिमाओं पर चुनरी यात्रा निकाल कर चुनरी चढ़ाते है आज उनकी चुनरी यात्रा तामियां पहुंची जहां पर सभी कार्यकर्ताओं एवं देवी भक्तों ने चुनरी यात्रा का तामिया तिराहे पर भव्य स्वागत किया। स्वागत में जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम,जुन्नारदेव पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर,वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र कुमार बत्रा,शंकरपाल, भागचंद साहू, राजेश राय, उप सरपंच बल्लू सोनी, जगदीश यदुवंशी, लोकेश डेहरिया,अनिल साहू, विनोद साहू, अनिल गांधी,,शहित बड़ी संख्या में इस चुनरी यात्रा का स्वागत करने कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं नवरात्रि पर्व

### पुलिस थाना दमुआ परिसर प्रांगण में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



तीज त्योहार के पावन पर्व नवरात्री, दशहरा, पर्व के मध्येनजर रखते हुए पुलिस थाना दमुआ परिसर प्रांगण मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक और दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य , राजनैतिक दलो के जनप्रति निधि , सामाजिक धार्मिक बन्धु और पत्रकार बन्धु मुख्य रूप से सामिल थे बैठक मे मुख्य रूप से शारदीय नवरात्र पर्व एवं दशहरा पर्व को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार मोहित बोरकर, द्वारा शासन के दिर्शा निर्देशो से सभी को अवगत कराया गया जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु अनिवार्य रूप से अनुमति लेकर ही तय मापदण्ड एवं सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपयोग करने की बात कही गई है। और दुर्गा उत्सव पंडाल मे एक व्यक्ति अनिवार्य रूप से मौजूद रहे सम्भव हो तो सी.सी.टी केमरा लगाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की बात कही गई तथा दुर्गा उत्सव पंडाल के आस पास वाहन पार्किंग हेतु उचित इंतजाम और आवागमन हेतु आम रास्ता बाधित ना हो विर्सजन के समय डी.जे. साउंड का उपयोग तय मानक में ही हो विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता रतनदीपसिंह नाग द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग से टी.सी. कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे। और टी.आई. थाना दमुआ श्री प्रमोदसिंह सिरसाम द्वारा कहा गया कि मूर्ति विर्सजन के समय होने वाले चल समारोह की सम्पूर्ण जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही गई जबकि दुर्गा उत्सव नौ दिवसीय कार्यक्रम के पश्चात 10 वे दिन विधि अनुसार मूर्तियो का विसर्जन किया जाना चाहिए ताकि विर्सजन स्थल पर उचित व्यवस्था बनाई जा सके। एवं पर्व के दौरान क्षेत्र सहित आसपास में न.पा. द्वारा साफ सफाई एवं बेहतर व्यवस्था बनाने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार मोहित बोरकर जी , थाना प्रभारी दमुआ श्री प्रमोद सिरसाम जी, पुलिस स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि, धार्मिकक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही शासन प्रशासन के निर्देशो को पूजा पंण्डाल में चस्पा करने की बात कही गई ताकि उत्सव समिति के लोग निर्देशो का पालन कर सके।

### एक में मांगा राज भरत को, दूजे में राम के लिए 14 वर्ष वनवास

# कैकई ने मांग लिए महाराज दशरथ से वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पिछले चार दिनों से जारी छिंदवाड़ा की प्रतिष्ठित सार्वजनिक श्री रामलीला मंडल की महारामलीला केवल देश में ही नहीं वरन विदेशों में भी खूब सराहना प्राप्त कर रही है। मंडल के मयंक चौरसिया ने विवरण देते हुए कहा कि चौथे दिन श्री राम वन गमन एवं चित्रकूट प्रवास की लीला खेली गई जिसमें श्री राम विवाह के बाद अयोध्या में भारी उत्सव मनाया गया जो वर्षों तक जारी रहा।

राजा दशरथ द्वारा श्री राम के राजतिलक की घोषणा की गई इसके बाद देवताओं में हलचल मच गई। माता सरस्वती से सभी ने आग्रह किया कि इसकी कोई युक्ति सुझाएं। सरस्वती जी मंथरा के कंठ में विराजमान हो गई मंथरा जो कि कैकई की सबसे करीबी दासी थी उसने कैकई को अपनी बातों के वशीभूत कर राजा दशरथ से देवासुर संग्राम के दौरान प्राप्त वरों को मांग लेने की बात पर उन्हें मना लिया। केकई कोप भवन में जाकर बैठ गई जबकि पूरे अयोध्या में मंगल गान गाया जा रहा था रामराज अभिषेक की जोरों शोरों से तैयारियां जारी थी राजा दशरथ को जब इस बात का पता चला कि कैकई कोप भवन में जा बैठी हैं तो उन्होंने नाराज़गी का कारण जानना चाहा तब केकई ने राजा दशरथ से अपने दो वर मांग लिए जिसमें पहला भरत को राज्य देकर उनका राजतिलक करना था वही दूसरा वर प्रभु श्री राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजना था।

हताश हुए दशरथ ने अपने वचनों का पालन करते हुए श्री राम को भारी मन से वन जाने की आज्ञा दी श्रीराम ने इसे स्वीकारते हुए माता कौशल्या से आज्ञा ली इस दौरान सीता ने साथ जाने की जिद की वहीं लक्ष्मण भी साथ हो लिए। मंडल के सदस्य अभिषेक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया इसके साथ ही श्रीरामभोग की सेवा एवं भाग्यशाली दर्शक योजना के सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। इन्होंने निभाया बेहतरीन किरदारसहनिर्देशक अभिजीत मुदलियार से प्राप्त हुई जानकारी में श्रीराम वन गमन और चित्रकूट प्रवास के दौरान सुंदर अभिनय देखने को मिला जिसमें दशरथ शसक्त भूमिका में श्रांत चंदेल दिखाई दिए।

इसके साथ ही श्री राम की प्रमुख भूमिका में रजत पांडे सुशोभित हैं वही सीता की खूबसूरत भूमिका प्रज्ञांश शुक्ल अदा कर रहें है , लक्ष्मण का शानदार अभिनय आयुष शुक्ला द्वारा निभाया जा रहा है। कैकई के मजबूत किरदार में अभिनव शुक्ला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संरक्षक राजू माहोरे महामंत्री सुमंत के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करते दिखे। सुमित्रा के किरदार में जय मालवीय ने अपनी सुरीली आवाज से सभी का मन मोह लिया वहीं माता कौशल्या का संजीदा किरदार निभाकर अजय चौकसे ने एवं मंथरा का अभिनय धीरज डेहरिया ने निभाकर सभी की वाहवाही बटोरी।सीधे प्रसारण को मिल रहा प्रतिसाद, विदेशी दर्शकों की संख्या में भी हुई बढ़ोतरीइस वर्ष श्री रामलीला के सदस्यो द्वारा तकनीकी को ओर भी बेहतर करते हुए यूट्यूब के माध्यम से लाइव मंचन दिखाया जा रहा है। जिससे इस बार रामलीला का उत्साह देखते ही बन रहा है यह जादू सिर्फ देश में ही नहीं वरन विदेश में भी सर चढ़कर बोल रहा है।

## कोतवाली पुलिस ने गुम हुए नाबालिग को ढूंढ निकाला

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली विशेष पुलिस टीम द्वारा 05 वर्ष पूर्व गुम नाबालिक बालिका की तलाश कर किया दस्तयाब! छिंदवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले में विशेष टीम गठित कर नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया है! थाना कोतवाली के 05 वर्ष पुराने अप. क्र. 175/2020 धारा 363 **ipc** में गुम इंसान क्र. 29/2020 नाबालिक बालिका उम्र 17 वर्ष जिसकी तलाश हेतु 10,000/- रु. ईनाम उदघोषित किया गया था जिसे दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। स्पेशल धरपकड़ पुलिस टीम में उनि चेतन मर्सकोले, सउनि नितेश ठाकुर, सउनि डी.एस.शेंडे, प्र.आर. श्याम ठाकरे, साइबर सेल नितिन सिंह, म.आर. शैलकुमारी नागवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पैक्स) तामिया**
**पं०क्र० 255 दिनांक 15/11/1976**

क्रमांक/आमसभा/2025/क्यू- **वार्षिक आमसभा की सूचना:-** दिनांक 10/09/2025

कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पैक्स) तामिया पं.क्र. 255, 15/11/1976, के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 30/09/2025 दिन मंगलवार की समय दोपहर 12:00 बजे समिति कार्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची:-1. आगामी वर्ष 2025-2020 के क्रियाकलापों एवं कार्यक्रमों पर विचार करना। 2. संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित है पर विचार। 3. वित्तीय पत्रक वर्ष 2025-2026 के अनुमोदन बावत 4. वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ के व्ययन बावत विचार। 5. आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित बजट प्रस्तुत करने बावत। 6. वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कार्य संचालन के कारण हुए घाटे के कारणों का परीक्षण करने बाबत। 7. वर्ष 2025-26 के लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति करने पर विचार। 8. अधिनियम उपनियम के प्रावधान अनुसार अतिशेष के प्लान पर विचार। 9. प्रशासक की बैठकों में लिये गये निर्णयों की पुष्टि एवं अनुमोदन करने बाबद विचार। 10. अन्य विषय प्रशासक एवं आमसभा अध्यक्ष महोदय जी की अनुमति से।

टीप - कोरम के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घन्टे के लिए स्थगित की जावेगी, आधा घन्टे पश्चात पुनः उसी स्थान पर प्रारम्भ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। तथा स्थगित आमसभा की बैठक में उपरोक्त एजेण्डे के अतिरिक्त अन्य विषयों पर निर्णय नहीं लिए जा सकेगें।

श्री सुरेश बनवारी जी प्रशासक
बहु० प्रा० कृ० सा०सह०स०मर्या० (बी-पैक्स) तामिया

कु० राजनन्दनी दुर्गे प्रबंधक
बहु०प्रा० कृ० सा०सह०स०मर्या० (बी-पैक्स) तामिया

## किशोरी बालिका स्वास्थ्य शिविर 26 को

**परासिया।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत भमोडी में 26 सितंबर शुक्रवार को आंगनवाड़ी केंद्र भवन में किशोरी बालिका स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम की 11 से 18 वर्ष आयु समूह की बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच एवं आवश्यक मार्गदर्शन शासकीय महिला चिकित्सक द्वारा दिया जाएगा। शिविर में किशोरी बालिकाओं को रक्त अल्पता , स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी । बालिकाओं में रक्त अल्पता की जांच के लिए परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी । जांच शिविर में पूरा मेडिकल स्टाफ महिलाओ का रहेगा । जिससे बालिकाएं स्वास्थ्य संबंधी संवाद सहजता से कर सके। गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत भमोडी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी तथा आशा कार्यकर्ताओं ने किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की सलाह दी थी ।

### आज सुबह बीमारी के कारण हुई भोजू की मौत

# समाजसेवियों की निराश्रित वृद्ध की अंत्येष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां अमरावती रोड पर स्थित नगरपालिका के वेजिटेबल मार्केट के उपर निवास करनेवाले निराश्रीत वृद्ध भोजराज उर्फ भोजू हाटेकर आयु 80 की मृत्यु उपरांत समाजसेवियों ने उनकी अंतिम संस्कार क्रिया पूरी की। ज्ञात हो कि भोजू और उसकी वृद्ध पत्नी बीते 10 सालों से इस वेजिटेबल कॉम्पलेक्स में निवास कर रहे थे। भोजू की मौत आज सुबह बीमारी के कारण हुई।

नगरपालिका स्वच्छता निरीक्षक संजय कवडे ने थाना प्रभारी अजय मरकाम को इस घटना की जानकारी दी। प्रशासन ने पडोसियों की उपस्थिति भोलू की मौत सामान्य रूप से होने बाबत पंचनामा कारवाई की। भोलू की अंत्येष्टि में सक्रिय सहयोग प्रदान करनेवालों में गुड्डू कावले, अनील सांबारे, पार्षद लोचन खवसे, यादोराव डोबले, राम पवार, प्रकाश सिरसकर, निहाल हाटेकर, आकाश हाटेकर, निखिल दहिवाले, नपा उपयंत्री प्रीतम हाटेकर, सफाईकर्मी अश्वीन दुपारे, अशोक भादे, अज्जू वानखडे और अन्य शामिल है।



### खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ईकेवायसी में पांढुर्ना प्रदेश में दूसरे नंबर पर

**पांढुर्ना।** बीते कुछ माह से कलेक्टर अजय देव शर्मा के मार्गदर्शन में पांढुर्ना जिले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा ईकेवायसी का कार्य तेजी से किया गया। आज खुशखबर यह रही कि इस विभाग द्वारा पांढुर्ना जिले में 95 प्रतिशत ईकेवायसी की गई है इसलिए पांढुर्ना को मध्यप्रदेश में शासन द्वारा दूसरे क्रमांक की रैंकिंग दी गई है। कलेक्टर पांढुर्ना ने किसानों एवं हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय पर अपना पंजीयन एवं ईकेवायसी पूर्ण कराए ताकि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं समर्थन मूल्या का लाभ उन्हें समय पर प्राप्त हो सके।



## आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम संपन्न



**पांढुर्ना।** आंगनवाडी केंद्र अंबाडा खुर्द में सेवा पखवाडा अभियान के तहत प्रतिदिन की थीम के अनुसार गतिविधियां संचालित की जा रही है। 3 से 6 वर्षों तक के बच्चों को ई.सी.सी.ई. गतिविधि, रंग भरना, कुर्सी दौड, पेंटिंग आधारित शिक्षण दिया जा रहा है। ज्ञात हो कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा सभी आंगनवाडी केंद्रों में सेवा पखवाडे के तहत निर्धारित गतिविधियां नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को समझाईश दी गई। इस कार्यक्रम में उपसरपंच रामवती आहके, पंच रेखा सलामे, सदस्य देविदास कवडेती, अभिभावक किसना धुर्वे, कार्यकर्ता शारदा सलामे, सहायिका छाया मर्सकोले और केंद्र के बच्चों के अलावा अनेक उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड की कामकाजी बैठक संपन्न



**जुन्नारदेव।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड जुन्नारदेव की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई।बैठक मे जिला संयोजक श्री राधेश्याम यदुवंशी ने बजरंग दल के आगामी कार्यो मे नशामुक्ति अभियान और शौर्य संचलन एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम की रुपरेखा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने संघ शताब्दी वर्ष पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं संगठन विस्तारित करके बामपंथी शक्तियों के द्वारा गांवों मे आदिवासी हिन्दू नही है और संविधान बदले जाने का कुप्रचार कर दलित वर्ग को हिंदुओं से तोड़ने लिये जो नकारात्मक प्रचार किया जा रहा है उसके जबाब मे गांव-गांव मे सघन अभियान चलाया जाकर अपने से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया।बैठक मे जिला उपाध्यक्ष श्री गुरु प्रसाद विश्वकर्मा,जिला सह मंत्री द्वय श्री प्रकाश विश्वकर्मा,श्री आकाश यदुवंशी,जिला गौरक्षा प्रमुख श्री गजानंद यदुवंशी, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख श्री श्याम ओझा, प्रखंड उपाध्यक्ष द्वय श्री कैलाश सिकंदरपुरे एवं श्री गोलू चौकसे, नव नियुक्त प्रखंड मंत्री श्री बलराम यदुवंशी, प्रखंड सतसंग प्रमुख श्री किशोर मालवीय,प्रखंड संयोजक श्री राहुल आम्रवंशी, सहसंयोजक श्री श्रीकांत रगड़े एवं श्री हिमांशु नागवंशी,नगर संयोजक श्री आयनेश चौकसे,सह संयोजक श्री अंकुर सोनी ,सौरभ नागवंशी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## क्षेत्र में छोटे बच्चों में किडनी इन्फेक्शन, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

क्षेत्र और शहर में बड़े पैमाने में छोटे - छोटे बच्चों में किडनी इन्फेक्शन होना और कुछ बच्चों की उससे मौत हो जाना बहुत ही दुखद है । वहीं अन्य बच्चों का ईलाज विभिन्न अस्पतालों में जारी है । जिस को लेकर सोमवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम पर ब्लाक मैडिकल आफिस अंकित सहलाम को शासकीय अस्पताल में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में कहा , कि क्षेत्र और शहर में बड़े पैमाने में छोटे - छोटे बच्चों को किडनी इन्फेक्शन हो रहा है । जिससे से माता - पिता अभिभावकों में चिंता व्याप्त है । शहर में दो परिवारों के प्यारे छोटे - छोटे बच्चे वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 09 की मौत हो जाना बहुत ही दुखद है । वहीं अन्य क्षेत्रों से भी न्यूटन और उमरेठ सहित अन्य क्षेत्रों से बच्चों में बुखार के बाद किडनी इन्फेक्शन और मौत होने की खबर मिल रही है । वहीं अन्य पीड़ित छोटे छोटे बच्चों का ईलाज अन्य अस्पतालों जैसे नागपुर छिन्दवाड़ा और परासिया में चल रहा । जिनके इलाज में लाखों रूपये लग रहें है , जिनके पास व्यवस्था नहीं है उनके पालक सोशल मीडिया और अन्य माध्यमो से आर्थिक मदद की की अपील कर रहे हैं । बच्चों का बेहतर इलाज होना और ध्यान रखा ज़रुरी है । साथ ही बच्चों में किडनी इन्फेक्शन क्यों हो रहा है , इसका जल्द से जल्द पता लगाया जाकर इलाज ढूँढना अति आवश्यक है । जो आशंकाएं हैं उसकी उच्च स्तरीय जांच होना आवश्यक है । बच्चों के इलाज , दवाईयां सब को जांच होनी चाहिए पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए । ईलाज के दौरान पीड़ति परिवारों का सब कुछ चला गया । जो राशि जमा थी , वह चली गई । कई परिवारों को सोना चांदी बेचकर , गिरवी रखकर और वाहन बेचकर ईलाज करवाना पड़ रहा है । इन सब बातों बी एम ओ से विस्तार से चर्चा हुई । मैडिकल आफिसर ने समूचे क्षेत्र में जांच कराने एवं अस्पताल को चौबीस घंटे अलर्ट रखने , अलग से वार्ड रुम तैयार रखने , अस्पताल आ रहे बच्चों के इलाज में तत्परता दिखाते हुए जल्द इलाज करने के लिए स्टॉफ को निर्देशित किए जाने की बात कही ।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**तामिया।** स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार पखवाड़ा के अंतर्गत सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज, छिंदवाड़ा के विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में पूर्व विधायक नथन शाह जी,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे जी,मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी जी, बीएमओ सुरेश नागवंशी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा जी,पार्षद संजय जैन,राजेंद्र सूर्यवंशी जी ,प्रमोद बंदेवार जी,अमित यादव, पवन सहित भाजपा के मंडल पदाधिकारियों युवा साथियों के साथ पहुंचकर मरीजों से चर्चा कर जिले से मरीजों को सेवा देने आए डाक्टरों का सम्मान किया।

## 5 दिवसीय स्काऊट गाईड का द्वितीय कैंप सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला स्तरीय स्काउट गाइड जांच एवं टोली नायक जांच शिविर का द्वितीय कैंप 17 सितंबर से से 21 सितम्बर तक शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक विद्याय वारासिवनी में जिला प्रशिक्षण केंद्र भारत स्काउट गाइड जिला बालाघाट वारासिवनी में आयोजित किया गया। जिसमें 6 विकासखंड के लगभग 300 स्काउट गाइड ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे ध्वजारोहण कर किया गया था। इस शिविर में जीवन उपयोगी, साहसी एवं आत्मनिर्भर होने की शिक्षा प्रदान की गई। जिसमें प्रातः साढ़े 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक जागरण, साढ़े 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक शारीरिक व्यायाम, तत्पश्चात निरीक्षण, स्वल्पाहार और साढ़े 8 बजे स्काउट एवं गाइड विंग का अलग अलग ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद कक्षा आरंभ की जाती थी, कक्षा में द्वितीय सोपान के पाठ्यक्रम, जिसमें प्रथम सोपान की गांठ, द्वितीय सोपान की गांठ, हस्तकला शिविर कला, पाक कला और तकनीकी एवं डिजिटल इंडिया की थीम पर प्रशिक्षण दिया गय। जिसमें तंबू निर्माण करना, बगैर बर्तन के भोजन बनाने की कला प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दी गई।

इस शिविर के शिविर संचालक भेजेंद्र चौधरी एवं जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल, इनेंद्र अग्रवाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोली राम भगत, प्रशिक्षक मंडल में रामलाल राहंगडाले, मोहम्मद मकबूल कुरैशी, हरिप्रसाद देशमुख, श्रीमती नीता बोपचे, श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, श्रीमती निशा चौधरी, श्रीमती उमा मार्को, श्रीमती जुंगा भलावी, क्वार्टर मास्टर राजकुमार टेंभरे, सोहनलाल पटेल, पंजीयन प्रभारी भुनेंद्र सिलेकर, सुरेंद्र सिंह एवं 15 विभिन्न विद्यालयों से आए स्काऊट गाइड का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। इस शिविर में स्काउटिंग सुनागरिकता की शिक्षा देते हैं, जिसमें बच्चे स्वयं का कार्य करना सीखते हैं, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके, किसी पर आश्रित ना रहे। इस स्तर का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र वारासिवनी जिला बालाघाट में दिया गया। जिसका समापन 21 सितंबर 2025 को हर्षोल्लास के साथ किया गया।

### जो व्यक्ति सच्चा बोलता हैं, सबसे बड़ी उसकी पहचान वो आदिवासी है-विवेक पटेल

## आदिवासी समाज द्वारा महाराजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर शाह का मनाया गया बलिदान दिवस

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** गोंडवाना साम्राज्य के महान योद्धा राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस नगर के आदिवासी भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विवेक पटेल उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथियों द्वारा राजा शंकर शाह व कुँवर रघुनाथ शाह के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल का समाज के पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। फिर तीन लाख रूपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का विधायक विवेक पटेल के हस्ते भूमिपूजन किया गया।



कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृट अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विधायक विवेक पटेल के हस्ते प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**कुँवर रघुनाथ शाह अपने पिता के तरह वीर और स्वराज प्रेमी थे-विवेक पटेल**

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों को हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके बलिदान के पुण्य स्मृति में हर वर्ष बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे वीरों का योगदान हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। इन वीरों में गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का नाम अमर है। राजा शंकर शाह का जन्म गोंडवाना के वीर योद्धा परिवार में हुआ था। उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह भी अपने पिता की तरह वीर और स्वराज प्रेमी थे। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान न केवल गोंडवाना के इतिहास में बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है। मुझे हमेशा आदिवासी समाज ने साथ दिया हैं, उन्हें मेरी जब भी जरूरत पड़े, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।

इस दौरान मानसिंह परते, गणेश कुम्भरे, अनूप सिंह उइके, डुलीचंद मडावी, झाड़लाल वरकड़े, गुड्डू सोनी, राजा अली, राजकुमार चौधरी, दौलत परते, शिवपाल मडावी, यशवंत पुसाम, फत्तूलाल उइके, कैलाश पन्द्रे, जगदीश उइके, एम पी टेकाम, मदन इनवाती, राधिका मर्सकोले, कमला भलावी, राजश्री मडावी सहित समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### शहर के वार्ड क्रमांक 2 में दहशत का माहौल

## 2 मकानों में चोरी 1 में असफल रहा प्रयास

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएँ बढ़ती जा रही है. इन घटनाओं से ना केवल धनहानि हो रही है बल्कि आम जनता की सुरक्षा की चिंता के सवाल भी खड़े हो रहे है. वहीं चोरी की घटनाएं स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है. पुलिस लगातार रात्रि में गश्ती कर रही है. मगर इसके बावजूद चोर पुलिस को चकमा देकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है. शहर के वार्ड क्रमांक 02 में एक ही रात में तीन मकानों में चोर घुसे दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और एक घर में चोर का प्रयास नाकाम रहा. शनिवार-रविवार की दरम्यिनी रात्रि साढ़े 12 बजे से साढ़े 03 बजे के बीच चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया. एक चोर का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है. इस वीडियो में चोर बनियान और हाफ पेंट पहने हुए है जो चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले एक घर में झांकते हुए देखा जा रहा है. वहीं एक चोर को को प्रत्यक्ष तौर पर देखा गया है. इन सभी चोरों की वारदातों में एक बात बेहद सामान्य है. चोरों ने जिन दो घरों को अपना निशाना बनाया वहां पर शासकीय नौकरी करने वाले लोग निवास करते है जो शनिवार को अपने घर चले जाते है. जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले पूरी रेकी की है।



चोरी की पहली वारदात साढ़े 12 बजे के बाद भैरम के मकान में निवास करती वाली महिला पटवारियों के घर में हुई है. शिवानी दीक्षित नाम की पटवारी जो अपनी साथी पटवारी प्रिती वट्टी और प्रिती कोकोडे के साथ रहती है. उनके घर में चोरी हुई है. शनिवार को यह सभी अपने घर चले गई थी उसी रात्रि चोरी की वारदात हुई. चोरों ने दरवाजे में लगा ताला काटकर घर के भीतर रखी नगदी रकम पर हाथ साफ किया. यह पूरी वारदात रात्रि 12 बजकर 21 मिनट के बाद हुई. सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोर को गली में घूमते हुए देखा गया है. चोरी की दूसरी वारदात संदीप सहारे के मकान में हुई. संदीप बताते है कि उनके मकान के ऊपरी हिस्से में पूरा परिवार निवास करता है नीचे का हिस्से में सामान रखा रहता है. अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घर से करीब 05 हजार रुपए की नगदी रकम और चांदी की 06 जोड़ी बिछिया चुराई है. तीसरी वारदात राधेलाल पटले के मकान में किराए से निवास करने वाले शिक्षक राजकुमार मर्सकोले के यहां अंजाम देने की कोशिश की गई. राजकुमार मर्सकोले ने बताया कि रात्रि करीब सवा तीन बजे एक चोर ने उनके घर के पिछले दरवाजे के एल्ड्रॉप को खोलने की कोशिश की. उन्हें कुछ आवाज सुनाई दी तो वह नींद से जागे और किचन की तरफ गए जहां से उन्होंने बाहर आंगन का लाईट चालू किया तो एक चोर करीब 06 फीट उंची दीवार फांदकर भाग गया. उन्होंने रात्रि में ही पुलिस को सूचना दी. चोरी की इन वारदातों से वार्डवासियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में कौर सिस्टर की श्रद्धांजलि में एलईडी टीवी भेंट

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में ₹कौर सिस्टर₹ की श्रद्धांजलि में एक 55 एलईडी टीवी सिविल अस्पताल लांजी को भेंट किया गया। मोना कौर सिद्धू ने बताया कि उनकी सासु माँ ₹कौर सिस्टर₹ न केवल परिवार की प्रेरणा थीं, बल्कि समाज के लिए एक समर्पित स्वास्थ्यकर्मी भी थीं।**

लांजी क्षेत्र में लोग उन्हें स्नेहपूर्वक ₹कौर सिस्टर₹ के नाम से जानते थे। उन्होंने हमेशा मरीजों की सेवा को अपना धर्म माना और अपनी निःस्वार्थ सेवा भावना से लोगों के जीवन में रोशनी लाती रहीं। बड़े भाई अमरीक सिंह सिद्धू,भाभी श्रीमती परमजीत कौर सिद्धू,बड़ी बहन रानी मोना कौर सिद्धू (विधायक प्रतिनिधि एवं जिला मंत्री, भाजपा),डॉ जे एस सिद्धू (मोना कौर सिद्धू के पति) मोना कौर सिद्धू (विधायक प्रतिनिधि एवं जिला मंत्री, भाजपा),डॉ जे एस सिद्धू (मोना कौर सिद्धू के पति),विधायक राजकुमार कर्राहे,जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले,मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।




यह छोटा-सा योगदान कौर सिस्टर की निःस्वार्थ सेवा भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है, जिससे वे हमेशा लोगों के जीवन में रोशनी लाती रहीं। उनकी सेवा, संवेदना और संस्कार हमेशा परिवार का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रशिक्षण दिया गया

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 18 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं रोजगारपरक ज्ञान प्रदान करना था।



प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यार्थियों को जैविक खेती, बागवानी एवं वर्मी कम्पोस्टिंग विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक श्री मोहित गाडेकर एवं श्री गजानंद हाथिमारे ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से जैविक खाद बनाने की तकनीक, आधुनिक बागवानी पद्धतियाँ तथा वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की विधियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। दिनांक 22 सितम्बर 2025 को प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्री रामकुमार राणा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ग्रामीण अंचलों में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती एवं वर्मी कम्पोस्टिंग आज की आवश्यकता है तथा इससे युवा वर्ग स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़कर ही सतत विकास संभव है। प्रशिक्षक श्री मोहित गाडेकर ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की एवं आशा व्यक्त की कि प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग विद्यार्थी भविष्य में रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति के लिए करेंगे।

## मददगार कमेटी लालबर्रा: इंसानियत, भाईचारे और बदलाव की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

समाजसेवा और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए मददगार कमेटी लालबर्रा ने सोमवार को अपनी नई पहल की घोषणा की। कमेटी ने कहा कि उनका उद्देश्य न केवल मुस्लिम समाज में बल्कि हर समुदाय में भाईचारे, रहमत और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उनके नए नारे, जैसे—“जो दूसरों के काम आए, वही सबसे बेहतर इंसान है।” “रहम, इंसाफ़ और मोहब्बत – इस्लाम की पहचान, समाज का सम्मान।” “जहाँ हर हाथ मददगार हो, वहीं समाज मजबूत हो।₹ —सिर्फ़ शब्द नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने और सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश हैं। कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि छोटे प्रयास बड़े बदलाव का मार्ग बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भूलकर गरीबों, मज़लूमों और जरूरतमंदों के लिए मददगार बनें। आने वाले दिनों में कमेटी सफाई अभियान, रक्तदान शिविर और शिक्षा जागरूकता जैसे कई समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मददगार कमेटी लालबर्रा का यह कदम पूरे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की लहर लाएगा।

खबर संक्षेप

## पनारझिर सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों एवं पंचों ने खोला मोर्चा




**घंसौर।** जिले के घंसौर जनपद पंचायत की पनारझिर के सरपंच सुखदेव अरमेती एवं सचिव ओझाई लाल उईके के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों की अगुवाई में पंचायत के लगभग आठ पंचों ने शिकायत करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर को शिकायत पत्र सौंपा। पंचों ने लिखित शिकायत में जांच की मांग करते हुए बताया कि सरपंच सचिव द्वारा लगातार बिना कोई ग्राम सभा के प्रस्ताव पास किया अपनी मर्जी से निर्माण कार्य करते हैं साथ ही इनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई ही नहीं देते। और जब ग्रामीणों एवं वार्ड पंचों द्वारा आय व्यय की जानकारी मांगी जाती है तो सरपंच सचिव द्वारा गोल मोल जवाब दिया जाता है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों की एक लंबी लिस्ट भी मुख्यकार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर को सौंपी और जांच की मांग कर डाली। आपको बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में पनारझिर ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार देखा गया है जिसकी जांच की मांग भी समय समय पर उठती रही है परंतु अधिरियों के ढुलमुल रवैए और सरपंच सचिव के उच्च स्तरीय संबंधों के कारण सरपंच सचिव अपने ऊपर लगने वाले आरोपों से जल्द ही बाहर आ जाते थे परंतु इस बार ग्रामीणों ने बताया कि सीईओ मेडम की ईमानदार छवि और कार्यकुशलता के कारण जांच शुरू होने की उम्मीद उन्हें है फिलहाल यह देखने वाली बात होगी कि क्या पनारझिर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों पर लगे आरोपों की जांच होगी या फिर हमेशा की तरह वे फिर संबंधों के कारण बच जाएंगे।

## नाबालिग बालिका को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नाबलिग बालक बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डेय के नेतृव व निर्देशन में कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबलिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया था। दिनांक 31/08/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी 17 वर्ष ।। माह कि नाबलिग बालिका मिल नहीं रही है जो कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 431/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सतीश तिवारी व्दारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो पता चला कि थाना उगली के हिरींटोला निवासी अनिल ताराम ने अपने साथ अपहृता को ले गया है जो पुलिस टीम व्दारा ग्राम दुतेरा थाना केवलारी से अपहृता को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

### नगर में दुर्गा पंडालों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई, सुरक्षा, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रखने की अपील

# डीजे वालों को साउण्ड और अश्लील गानों को लेकर दी गई सख्त हिदायत

### दशहरा नवरात्रि को लेकर के शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**केवलारी।** केवलारी स्थानीय थाना परिसर प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन एस डी ओ पी आशीष भाराडे,थाना प्रभारी शिवशंकर रामटेकर,एवं नायाब तहसीलदार राउत की उपस्थिति में देवी सिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सिवनी, शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद,अनूप बघेल भाजपा मंडल अध्यक्ष केवलारी, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुधीर पांडे सांसद प्रतिनिधि, हाजी रफीक खान अध्यक्ष पत्रकार संघ, पवन यादव अधिवक्ता सहित गणमान्य नागरिको , पत्रकारों, नवदुर्गा उत्सव पंडाल समिति के सदस्यो, डीजे संचालको, टेंट ओनरो , नगर परिषद, बिजली विभाग के कर्मचारीयो की उपास्तिथी मे बैठक का आयोजन किया गया।बैठक मे निर्णय लिया गया कि रोड के किनारे पर स्थापित



होने वाली दुर्गादेवी के पंडालो को रोड से पर्याप्त दुरी पर लगाया जाये एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे, इसी तरह नगर की साफ सफाई नगर परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी मार्गो मे लाइटिंग की कमी ना हो बंद लाइट चालू कराया जाये। दुर्गा पंडालो के लगने बाले टीसी कनेक्शन के लिए तीन हजार रुपया जमा होगा अधिक रीडिंग पर यूनिट के अनुसार भुगतान देय होगा तीन हजार से कम बिजली खपत पर राशि रिफंड होगी। राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा आयोजित होने वाले 28 नवंबर को शास्त्र पूजन, दुर्गा पूजन और नगर भ्रमण पर शांति सौहार्द पूर्ण बातावरण वनाये रखा जायेगा। पंचमी तिथि पर बड़े ग्राउंड मे आयोजित होने वाले दंगल में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होगी, पंडालों ओर विसर्जन मे अश्लीलता गाने मे पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा ।ओर अनेक बिषयो को लेकर चर्चा की गयी अंत मे थाना प्रभारी ने नगर वासियों से अपील की कि शासन के आदेश व शांति समिति की बैठक मे आये प्रस्ताव का सभी मिलकर पालन करे।

## आज युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार पलारी के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर किया रक्तदान

**सिवनी।** पलारी में विगत 5 वर्षों से निरंतर रक्तदान के लिए पलारी की जागरूक युवा पीढ़ी के द्वारा 117 यूनिट रक्तदान कर पुनः अपना कर्तव्य निभाया, आज ग्राम पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्वनिर्धारित स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में स्थानीय परिजनों एवं अतिथियों के द्वारा माँ गायत्री एवं गुरुसत्ता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सभी के लिए उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना कर शिविर का शुभारंभ 11:30 बजे से, शाम 4 बजे तक 117 यूनिट का रक्तदान हुआ।जहाँ पर स्थानीय युवा युवतियों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी जागरूक युवाओं ने आकर रक्तदान किया, पलारी एवं केवलारी के कर्मठ गायत्री परिजनों ने मिलकर इसका कुशल प्रबंधन किया। सभी रक्तदाताओं को स्वल्पाहार, प्रसस्ति पत्र एवं मंच से उन्हें सम्मानित कर धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर डॉ अक्षय अवधवाल, गायत्री परिवार केवलारी प्रमुख श्री सुरेन्द्र साहू, सहायक प्रबंध ट्रष्टि श्री अमरचंद साहू, पलारी क्षेत्र प्रमुख श्री शिवचरण ठाकुर, समर्पित कार्यकर्ता श्री तुलसीराम ठाकुर ( गाज्जु भैया) श्री कपूर चंद नरवरे, श्रीमति गीता नरवरे, श्री शिवकुमार विश्वकर्मा, श्री घनश्याम बम्होनिया, श्री MS मेहताब जी, श्री चिम्मनलाल वरकड़े, श्री गुरुप्रकाश , श्री राजेश ठाकुर घंसौर, ट्रष्टि श्री गणेश लाल झारिया, साई सेवा समिति केवलारी से श्री अजय अग्रवाल, श्री देशमुख जी, श्री किशोर चौधरी, श्री शिवराज राहंगडाले जी, श्री ओमकार ठाकुर, श्री प्रदीप अनभोरे, श्री आशीष अवधवाल, श्रीमति कुशुमलता साहू, कु छावी , श्री जितेंद्र क्षीरसागर, श्री श्रीकांत साहू, श्रीमति निधि ठाकुर, आदि एवं पलारी के सभी सांस्कृतिक, एवं सामाजिक, धार्मिक संगठनों का अभूतपूर्व सहयोग मिला। सभी रक्तवीरों को गायत्री परिवार साधुवाद करता है। और आपके उज्वल भविष्य परोपकार के भाव सदा बने रहें। सभी के साथ फोटोशूट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## चार दिन चली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए अपने हुनर

**छपारा।** नगर के सिंचाई कॉलोनी स्थित इंडोर मैदान में बैनगंगा स्पोर्ट्स क्लब छपारा के तत्वाधान में युगल बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर से 20 सितंबर तक किया गया।आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी आयु वर्ग की 18 जोड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया 17 से 20 तक चली इस प्रतियोगिता में प्रतिदिन क्वालीफाई मैच खेले गए प्रतियोगिता के अंत में प्रथम स्थान - संजय लाहोरी एवं मेहान चौरसिया की डबल टीम विजेता बनी,वहीं द्वितीय स्थान पर नोबेद खान एवं भानू चौकसे रहे साथ ही तृतीय स्थान गोविंद गोस्वामी एवं संतोष जुमहारे की टीम रही। छपारा नगर में बैडमिंटन खेल को बैनगंगा स्पोर्ट्स क्लब ने जिंदा रखा है जिससे आज भी नए पुराने सभी खिलाड़ियों को छपारा नगर में खेलने को मिल रहा हैं। छपारा बैनगंगा स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक हारून सर,शाहिद खान,संजय मसीह,मोनू साहू, अजय



गोयल,कृष्णगोपाल सेंगर, अशोक शिवहरे,संजय पांचपाडे, गजेंद्र सिंह, यशवंत नाग,चक्रेश सिंह साथ ही प्रबंधन में शुभम पाचपांडे व सभी युवा साथी एवं आयोजक समिति में नवनीत सिंह ठाकुर सहित समस्त वरिष्ठ खिलाड़यों के सफल मार्गदर्शन में उक्त प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

## 26 को विशाल इनामी दंगल का आयोजन होगा



**केवलारी।** नवरात्रि पंचमी तिथि को आयोजित होने वाले हनुमान मंदिर युवा संगठन का विशाल इनामी दंगल हाई स्कूल ग्राउंड में 26 सितंबर 2025 शुक्रवार को ठाकुर रजनीश सिंह विधायक के मुख्यआतिथ्य एवं प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में आयोजित होगा, हनुमान मंदिर युवा संगठन के सदस्यों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रथम पुरस्कार जितेंद्र बघेल ठेकेदार के द्वारा 21हजार द्वितीय पुरस्कार मनीष जैन 11 हजार रुपए जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ, तृतीय पुरस्कार 5 हजार कृष्ण कुमार प्रजापति स्वर्गीय लक्ष्मी प्रजापति की स्मृति में, चतुर्थ पुरुस्कार 3 हजार रूपए डा विकास दुबे, पंचम पुरुस्कार 2 हजार रुपये स्वर्गीय रज्जू जंघेला की स्मृति में संतोष जंघेला के द्वारा एवं महिला कुश्ती का पुरस्कार 2 हजार रुपए सुधीर मुंजारे डॉक्टर महेश प्रसाद मुंजारे की स्मृति में प्रदान किया जायेगा।

# भक्ति से ही शक्ति का जागरण होता है

**सिवनी।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर सिवनी मध्य प्रदेश में महासमाधि धारकपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज,मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में 21सितंबर 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, चातुर्मास में योगदान देने वालों का सम्मान किया गया, डॉ॰ मिथलेश जैन नागपुर ने शास्त्र अर्पण का सौभाग्य प्राप्त किया, *पटाखा से* *नुक्सान**वाले पोस्टर का विमोचन किया गया,इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि,प्रार्थना का अभिप्राय है - हे भगवन जिस मार्ग पर चलकर आप समस्त दुःखों से मुक्त बने हो, वह मुझे भी प्राप्त हो जाए।



प्रार्थना याचना नहीं है क्योंकि याचना का अर्थ है - हे प्रभु! जिस मोह माया को छोड़कर आप भगवान बने हैं वह मुझे मिल जाए। प्रार्थना और याचना में यही सूक्ष्म अंतर हैं कि प्रार्थना करने वाला पुजारी कहलाता है । प्रार्थना में मन का तार जब तक आस्था के पावर हाउस से नहीं जुड़ जाता तब तक न प्रकाश मिल सकता है न शक्ति । भक्ति से ही शक्ति का जागरण होता है इनसे न कभी संतुष्टि मिलेगी न ही शांति प्राप्त होगी अपितु लालसा बढ़ती ही जाएगी। परमात्मा से तो सिर्फ इतना ही कहना-जैसे आप हैं वैसा मुझे भी बना दीजिए। जो आपने किया है वैसा ही करने की शक्ति मुझे प्रदान कीजिए। ऐसी कृपा कीजिए कि आप जैसी भगवत्ता मुझमें भी प्रकट हो जाए। प्रभु के चारणों में तो उन जैसा दिव्य आचरण ही मांगना । ऐसे ईश्वरीय आचरण में ही अनन्त सुख और अमिट संपदाओं का निवास हुआ करता है।

# महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया

**सिवनी। गूंज संस्था के तत्वाधान में नेताजी सुभाषचंद्र स्कूल में डा.हर्षा राय के मार्गदर्शन में महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में महावारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को महावारी के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता की आदतें, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।**

साथ ही, महावारी को लेकर समाज में फैली झिझक और गलत धारणाओं को दूर करने पर बल दिया गया।डॉ. हर्षा राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि – "महावारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसे शर्म या संकोच का विषय न मानकर जागरूकता और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समझना आवश्यक है।" विद्यालय परिवार ने इस पहल को छात्राओं के समग्र विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। छात्राओं ने भी कार्यक्रम से नई जानकारी और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्या श्रीमती उइके




, खान मेडम, समस्त शिक्षक गण और गूंज संस्थान की मनीषा चौहान,सविता गौतम,अन्नपूर्णा मालवी ,खुशी चौहान,अनुसूइया पटवा , गीता विश्वकर्मा ,आशा बावरिया और सीमा गौर का बहुत सहयोग रहा। अंत में संस्था की ओर से किशोरियों को इको फ्रेंडली सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाडा अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




**सिवनी।।** नगर पालिका सिवनी दिनांक 21 सितम्बर 2025 - निकाय द्वारा 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सेवा भावना स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है आज दिनांक 21 सितम्बर 2025 को निकाय द्वारा मानस भवन में निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक एवं स्टाफ के साथ टीम की उपस्थिति कराई गई। उनके सहयोग पर अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह मस्कोले द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही निःशुल्क दवाईयां प्राप्त की। उक्त शिविर आयोजन में नोडल श्री ऋषिकेश शर्मा, उपयंत्री स्वास्थ्य शाखा एवं निकाय के अधिकारी कर्मचारियों सफाई मित्रों का योगदान सराहनीय रहा।

# इलेवन स्टार एवं आजाद क्लब ने जीता खिताब

### सद्भाव द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट

**सिवनी ।** सद्भाव द्वारा पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में इलेवन स्टार एवं आजाद क्लब ने अपनी किताबी जीत हासिल की । इस टूर्नामेंट का शानदार समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। यह टूर्नामेंट सेवन ए साइट पद्धति से खेला गया। आखिरी दिन ओपन और वेटरन के फाइनल मैच खेले गए। वेटरन की दो टीम आजाद 11 और सदभाव 11 मध्य खेला गया । जिसमें आजाद ने 5-0 खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। दूसरा फाइनल मैच ओपन की दो टीम इलेवन स्टार और रेड स्टार के मध्य खेला गया। इलेवन स्टार ने 2-0 से सदभाव सेवन ए, साइट खिताब को अपने नाम किया । दोनों फाइनल के उपरान्त उपस्थित मुख्य अतिथि पॉलीटेक्निक कॉलेज के पूर्व प्राचार्य आड़े सर, अमर बी सिंग, प्रदीप बेस,नवल जोसफ,अनिल जायसवाल द्वारा सभी विजेता उपविजेता मैच के रेफरी, स्कोरर ,



ओपन और वेटरन के बेस्ट गोली, बेस्ट स्कोरर और टूर्नामेंट में विशेष प्रदर्शन करने वाले कुछ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया , ओपन वर्ग के बेस्ट स्कोरर वाहिद खान , बेस्ट गोल कीपर आशीष बघेल, ओपन वर्ग में बेस्ट गोल कीपर आयुष बघेल, बेस्ट स्कोरर निशांत चौहान रहे। रेफरी के लिए महेश सिसोदिया, कमलेश डहेरिया,अक्कू गार्वे,अखिलेश चौरसिया , लाइन मैंन ऐनी कार्लो,मनोज गेडाम स्कोरर निशांत तिव्हन,विजय चौहान और राजेश यादव और श्याम उईके को पुरस्कार से सम्मानित किया गया । वेटरन और ओपन के सभी 40 खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के फाइनल में विजेता टीम को राशि अनिल जायसवाल , विजेता का कप अभिराज सिंह, उपविजेता टीम को राशि आशीष गोलू सक्सेना, उपविजेता का कप करम सिंह, वेटरन विजेता टीम को इनामी राशि नवल ठाकुर, विजेता टीम को कप राजेश यादव, उपविजेता टीम को कप टिंकू ठाकरे ,ओपन वर्ग के बेस्ट गोली और स्कोरर को इनाम संजू देशमुख, वेटरन वर्ग में गोली और स्कोरर को इनाम प्रशांत सोनी,मनोज तिवारी और विशेष इनाम प्रतिश श्रीवास्तव के सौजन्य से प्रदान किए गए। इस शानदार टूर्नामेंट के अध्यक्ष नवल ठाकुर, सचिव ऋषिकांत त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष ओम सराठे, निशांत तिवहन सहित सद्भाव परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

# राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे को जन जन तक पंहुचाना हमारा कर्तव्य है-नरेश मरावी

**सिवनी ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, संगठन सृजन के तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ट के जिला अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आयोजित की गई, बैठक का शुभारंभ जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा स्व. श्रीमती इंदिरागांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए नरेश मरावी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिाकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष द्वारा केन्द्र सरकार की वोट चोरी के संबंध में उपस्थित सभी मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ट अध्यक्षों को अवगत कराया। कांग्रेस संगठन के इन सभी महत्वपूर्ण अंगो के कार्यो की समीक्षा कर, कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने की दृष्टि से आगामी कार्ययोजना के संबंध में विचार विमर्श किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठो के अध्यक्षो निर्देशित किया है कि राहुल गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाकर मोदी सरकार की वोट चोरी को जन जन तक पंहुचाना सभी कांग्रेस जनों की जिम्मेदारी है ताकि देश में लोकतंत्र की रक्षा हो सके। श्री मरावी ने बैठक में उपस्थित सभी अध्यक्ष गणो को जिला स्तरीय दौरा कार्यक्रम में अपनी एवं समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति दर्ज कराने हेतु निर्देश दिया।बैठक का संचालन करते हुए कांग्रेस नेता एड. शिवसनोडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक अनुसांगिक संगठन कांग्रेस पार्टी की रीड़ है इस लिए हम सभी को आपनी पूर्ण निष्ठा और जवाबदेही के साथ कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संकल्प लेना होगा, बैठक का आभार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता विष्णुकरोसिया ने कहा कि आज सभी कांग्रेस जनों को देश की सत्तारूढ़ भाजपा से राष्ट्रहित में मुकाबला करना है, जिससे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की जा सकें। बैठक में उपस्थित घनश्याम सनोडिया, विजय चौरसिया, मदन सक्सेना, विनोद यादव, विजय उइके, मुबारक खान, देवेन्द्र ठाकुर, श्रीमती योगिता सनोडिया, श्रीमती ललिता बघेल, अनीस खान, तामसिंह टेम्भरे, हुकुमचंद सनोडिया, नितिन डहेरिया, धुरवनारायण चौधरी, अशोक गोखले, महेन्द्र राठोर, शिवदीप डहेरिया, नितिन बघेल, गोपाल परते ने सम्बोधित कर अपने विचार व्यक्त रखे।